# ध्येय पथ
# अक्टूबर माह की गतिविधियॉ

## गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंतीः

2 अक्टूबर महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जयन्ती पर ध्वजारोहण व राष्ट्रगान सम्पन्न हुआ। इसके पश्चात् योजना बैठक की त्रैमासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी।



## वाणिज्य विभाग द्वारा विशिष्ट व्याख्यानः

3 अक्टूबर 2017 को महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग द्वारा 'स्ट्रैटेजिक एन्वायरमेंटल प्लानिंग' विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सेन्ट एण्ड्रयूज पी0जी0 कालेज के वाणिज्य विभाग के प्रभारी डॉ0 कृष्ण देव पाण्डेय उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन छात्र संघ उपाध्यक्ष सुश्री प्रियंका दूबे तथा आभार ज्ञापन डॉ0 सुभाष कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर वाणिज्य तथा अर्थशास्त्र विभाग के सभी शिक्षक एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।



## ब्रह्मलीन महन्त अवेद्यनाथ स्मृति एक दिवसीय कैरम प्रतियोगिताः

4 अक्टूबर 2017 को ब्रह्मलीन महन्त अवेद्यनाथ स्मृति एक दिवसीय कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बालक वर्ग में कुल 22 तथा बालिका वर्ग में 8 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। बालक वर्ग में बी.एस–सी. तृतीय वर्ष के छात्र विशाल सिंह तथा अभिषेक मद्धेशिया तथा शिवांगी पाण्डेय विजयी रहीं।



## वाल्मिकी जयन्ती पर गॉवो में जन–जागरण का महाभियान

5 अक्टूबर 2017 को महाराणा प्रताप पी0जी0 कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर के 50 शिक्षक अपने 500 विद्यार्थियों के साथ अपने–अपने विभाग द्वारा अभिगृहित उन्नतीस गाँवों में **महर्षि वाल्मिकी जयन्ती** के अवसर पर सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए **साक्षरता, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य को केन्द्र में रखकर जन–जागरण का महाभियान** का कार्य सम्पन्न हुआ है। कहीं पर पिछड़ी दलित बस्तियों में स्वच्छता का अभियान चला, कहीं छोटे बच्चों को विद्यालय जाने हेतु प्रेरित किया गया, कहीं पर खुले में शौच न जाने के महत्व को बताते हुए ग्रामवासियों को जागरूक किया गया, कहीं पर साफ–सफाई स्वस्थ्य जीवन के लिए कितना महत्वपूर्ण है पर प्रकाश डाला गया। इस क्रम में सबसे महत्वपूर्ण अभियान मंझरिया गाँव जो राष्ट्रीय सेवा योजना एवं अंग्रेजी विभाग द्वारा अभिगृहित किया गया है उसे इस वर्ष मॉडल गाँव के रूप में विकसित करने की योजना के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक/स्वयंसेविकाएं तथा अंग्रेजी विभाग के विद्यार्थियों के साथ साक्षरता, स्वच्छता और स्वास्थ्य हेतु जागरूकता अभियान के अर्न्तगत प्रत्येक घर का सर्वेक्षण एवं जन–जागरण के साथ गुरु श्रीगोरक्षनाथ चिकित्सालय के चिकित्सकों की टीम द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, निःशुल्क दवा वितरण का कार्य विशेष रहा। इस क्रम में महाविद्यालय के अन्य सभी विभाग अपने–अपने अभिगृहित क्षेत्र यथा भूगोल विभाग सांसद आदर्श गाँव जंगल औराही, बी0एड0 विभाग–हसनगंज, हिन्दी विभाग–छोटी रेतवहिया, प्राचीन इतिहास विभाग–हैदरगंज, अर्थशास्त्र विभाग–महुआचाफी, समाजशास्त्र विभाग, जंगल तिकोनिया, मनोविज्ञान विभाग, छोटी जमुनहिया, राजनीतिशास्त्र विभाग–बसंतपुर, रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग–मीरगंज, कम्प्यूटर सांइस विभाग–बड़ी जमुनहिया, गणित विभाग–धोधड़ा, प्राणि विज्ञान विभाग–लक्ष्मीपुर, रसायनशास्त्र विभाग–रामपुर, भौतिकी–भगवानपुर, वनस्पति विज्ञान विभाग–सेखवनिया, सांख्यिकी–केवटहिया, इलेक्ट्रानिक्स विभाग–धूसिया, वाणिज्य विभाग–तिनकोनिया तथा राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा मंझरिया गाँव में आज महर्षि वाल्मिकी जयन्ती पर गाँव के गरीब पुरूषों, महिलाओं एवं बच्चों की सेवा एवं उन्हें जन–जागरण कर महर्षि वाल्मिकी को श्रद्धांजलि दी गई।



## विशिष्ट व्याख्यान–वाणिज्य विभागः

6 अक्टूबर 2017 को वाणिज्य विभाग द्वारा 'इन्फार्मेशन टेक्नोलजी' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का संचालन सुश्री श्वेता चौबे तथा आभार ज्ञापन वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ0 राजेश शुक्ल ने किया।




## वायु सेना स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर व्याख्यानः

7 अक्टूबर 2017 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में वायु सेना स्थापना दिवस की पूर्व संध्या के अवसर पर प्रार्थना सभा में 'भारतीय वायु सेना का देश की सुरक्षा और आपदा में योगदान विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत हुआ जिसमें भूगोल विभाग के प्रभारी डॉ0 विजय कुमार चौधरी ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 यशवन्त कुमार राव ने की तथा संचालन हिन्दी विभाग की प्रभारी डॉ0 आरती सिंह ने की।





## एक दिवसीय शोध व्याख्यान प्रतियोगिता– वनस्पति विभागः

7 अक्टूबर 2017 को महाविद्यालय वनस्पति विभाग द्वारा शोध व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में वनस्पति विभाग के तीनों वर्षो के 24 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें प्रथम स्थान विवेक कुशवाहा बी.एस.–सी. प्रथम वर्ष एवं देवेन्द्र पाण्डेय बी.एस.–सी. द्वितीय वर्ष को प्राप्त हुआ। द्वितीय स्थान श्वेता मिश्रा बी.एस–सी. प्रथम वर्ष एवं अखिलेश सिंह बी.एस–सी. द्वितीय वर्ष को तथा तृतीय स्थान समीर कुमार पाण्डेय एवं कुमारी शालू बी.एस–सी. तृतीय वर्ष एवं श्रेया शुक्ला बी.एस–सी. द्वितीय वर्ष को मिली।




## शोध व्याख्यान प्रतियोगिता–रसायन विज्ञान विभागः

9–10 अक्टूबर 2017 को रसायन विभाग द्वारा दिवसीय स्नातकोत्तर स्तर की शोध व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें एम.एस–सी. प्रथम वर्ष की छात्रा नेहा गुप्ता तथा पवन श्रीवास्तव को संयुक्त रूप से प्रथम स्थान, एम. एस–सी. प्रथम स्थान, एम.एस–सी. प्रथम वर्ष की छात्रा जुही पाण्डेय तथा एम.एस.–सी. अंतिम वर्ष अभिनव त्रिपाठी को संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान एवं एम.एस–सी. अंतिम वर्ष के आकाश चौबे को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन विभाग के प्रवक्ता डॉ0 राम सहाय ने किया तथा निर्णायक मण्डल में श्री प्रदीप वर्मा, सुश्री प्रियंका मिश्रा एवं श्री संजय जायसवाल उपस्थित रहें।




## निबन्ध प्रतियोगिता– अंग्रेजी विभागः

10 अक्टूबर 2017 को अंग्रेजी विभाग की प्रभारी श्रीमती कविता मन्ध्यान जी द्वारा 'स्टार्ट अप स्टैण्ड अप इण्डिया' विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में दिव्यम श्रीवास्तव (बी.ए. द्वितीय वर्ष) प्रथम स्थान, सौरभ ओझा एवं अमृत कुमार (बी.ए.द्वितीय वर्ष) एवं अंजनी (बी.ए. तृतीय वर्ष) ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।



## विशिष्ट व्याख्यान–समाजशास्त्र विभागः

11 अक्टूबर 2017 को समाजशास्त्र विभाग द्वारा 'समाज और संस्कृति पर वैश्वीकरण का प्रभाव उत्तर प्रदेश के संदर्भ में' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस विषय पर राजनीतिशास्त्र विभाग के प्रवक्ता डॉ0 कृष्ण कुमार जी द्वारा विचार प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन समाजशास्त्र विभाग के प्रभारी प्रकाश प्रियदर्शी जी द्वारा किया गया।



## राम मनोहर लोहिया जी की पुण्यतिथिः

12 अक्टूबर 2017 को प्रार्थना सभा में हिन्दी विभाग की प्रभारी डॉ0 आरती सिंह जी द्वारा राम मनोहर लोहिया जी की पुण्यतिथि के अवसर पर अपने विचार व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।




## विशिष्ट व्याख्यान– बी.एड. विभागः

14 अक्टूबर 2017 को बी.एड. विभाग द्वारा भारतीय दर्शन एवं पाश्चात्य दर्शन का तुलनात्मक अध्ययन विषय पर विशिष्ट, व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस विषय पर दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के बी.एड. विभाग के प्रोफेसर डॉ0 एन.पी. भोक्ता जी द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भूगोल विभाग के प्रभारी डॉ0 विजय कुमार चौधरी जी द्वारा आभार ज्ञापन बी.एड. विभाग की प्रवक्ता डॉ. अनुभा श्रीवास्तव जी द्वारा तथा संचालन बी.एड. विभाग की प्रवक्ता सुश्री श्वेता चौबे द्वारा किया गया।



## डॉ0 ए0 पी0 जे0 अब्दुल कलाम – जयन्तीः

14 अक्टूबर 2017 को प्रार्थना सभा में डॉ. ए. पी. जे अब्दुल कलाम जी की जयन्ती की पूर्व दिवस के अवसर पर बी.एड. विभाग की प्रवक्ता डॉ. अनुभा श्रीवास्तव जी द्वारा विचार प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वनस्पति विज्ञान के प्रभारी डॉ0 अभय कुमार श्रीवास्तव जी तथा राजनीतिशास्त्र विभाग के प्रवक्ता डॉ0 कृष्ण कुमार जी द्वारा तथा संचालन प्राचीन के प्रभारी श्री सुबोध मिश्र जी द्वारा किया गया।



## विशिष्ट व्याख्यान– अर्थशास्त्र विभागः




16 अक्टूबर 2017 को महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा 'भारतीय अर्थव्यवस्था में मौद्रिक नीति का महत्व' विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के प्रवक्ता डॉ0 सुभाष कुमार गुप्ता जी ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री गायत्री सिंह चौहान (बी.ए. भाग दो) ने किया तथा आभार ज्ञापन व्याख्यान संयोजक एवं अर्थशास्त्र विभाग के प्रभारी श्री मंजेश्वर सिंह जी द्वारा किया गया।

## शैक्षिक प्रदर्शनी–बी.एड. विभागः




24 अक्टूबर 2017 को बी. एड. विभाग द्वारा शुभोत्सव 2017 कार्यक्रम के अन्तर्गत कलात्मक एवं रचनात्मक शैक्षिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। शैक्षिक प्रदर्शनी का उद्घाटन भूगोल विभाग के प्रभारी डॉ0 विजय कुमार चौधरी जी एवं राजनीति विभाग के प्रभारी डॉ0 अविनाश प्रताप सिंह जी द्वारा किया गया।

## संयुक्त राष्ट्र संघ स्थापना दिवसः





24 अक्टूबर 2017 को प्रार्थना सभा में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में संयुक्त राष्ट्र संघ स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ0 यशवन्त कुमार राव जी ने अपने विचार व्यक्त किये।

## यतीन्द्र नाथ बोस जयन्तीः

27 अक्टूबर 2017 को प्रार्थना सभा में यतीन्द्र नाथ बोस जी की जयन्ती के अक्टूबर पर हिन्दी विभाग की प्रभारी डॉ. आरती सिंह जी द्वारा उनके जीवन की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।





## पोस्टर प्रतियोगिता–भौतिक विज्ञान विभागः





28 अक्टूबर 2017 को भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निर्णायक मण्डल प्रवक्ता श्री अभिषेक कुमार वर्मा एवं डॉ0 शैलेन्द्र कुमार ठाकुर जी द्वारा आँचल कश्यप को प्रथम स्थान, अनामिका सिंह को द्वितीय स्थान तथा अनामिका सिंह को तृतीय स्थान दिया गया। प्रतियोगिता का आयोजन भौतिक विज्ञान प्रभारी सुश्री मनीता सिंह जी द्वारा किया गया।

## अतुल माहेश्वरी छात्रवृत्ति परीक्षाः

29 अक्टूबर 2017 को अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से अतुल माहेश्वरी छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय को परीक्षा केन्द्र बनाया गया। परीक्षा में कुल 1602 परीक्षार्थी पंजीकृत थे तथा उनमें से 866 सामान्य परीक्षार्थी तथा 26 दृष्टिबाधित परीक्षार्थी शामिल हुए।





## विशिष्ट व्याख्यान – भूगोल विभाग:





30 अक्टूबर 2017 को भूगोल विभाग द्वारा विशिष्ट व्याख्यान 'ग्रीन हाउस प्रभाव' विषय पर आयोजित किया गया। इस विषय पर दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर के भूगोल विभाग के आचार्य डॉ0 शिवाकान्त सिंह जी द्वारा विचार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन भूगोल विभाग के प्रभारी डॉ0 विजय कुमार चौधरी जी द्वारा तथा आभार ज्ञापन भूगोल विभाग के प्रवक्ता डॉ0 प्रवीन्द्र कुमार शाही जी द्वारा किया गया।

## आचार्य नरेन्द्र देव एवं सरदार बल्लभ भाई पटेल जयन्ती तथा छात्र संघ की साधारण सभा:







31 अक्टूबर 2017 को आचार्य नरेन्द्र देव एवं सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयन्ती व कार्तिक एकादशी के अवसर पर महाविद्यालय में छात्र संघ की साधारण सभा का आरम्भ दोनो महापुरुषों की श्रद्धांजलि के साथ हुआ इस सभा में 22 छात्र – छात्राओं के साथ कुल 26 बिन्दुओं पर विमर्श किया गया जिसमें पौधे के नामकरण, प्रोजेक्टर युक्त प्रायोगिक कक्षाएँ छात्राओं के लिए सेल्फ डिफेन्स प्रशिक्षण की व्यवस्था, सिविल सर्विसेज कक्षाओं के संचालन, डिजिटल घण्टी आदि सम्बन्धित विषयों पर सुझाव दिया गया।

## निबन्ध प्रतियोगिता:




31 अक्टूबर 2017 को राजनीतिशास्त्र विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में 'राष्ट्रीय एकता और सरदार बल्लभभाई पटेल' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।